ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 23-07-2021

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-07-23 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-07-24	2021-07-25	2021-07-26	2021-07-27	2021-07-28
वर्षा (मिमी)	10.0	15.0	80.0	75.0	45.0
अधिकतम तापमान(से.)	19.0	18.0	18.0	17.0	17.0
न्यूनतम तापमान(से.)	16.0	17.0	15.0	15.0	15.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	90	95	95	95	95
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	60	65	70	70	70
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	8.0	8.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	120	120	130	130	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	5	8	8	7

मौसम सारांश / चेतावनी:

23 व 24 जुलाई को कहीं-कहीं हल्की वर्षा तथा 25 से 27 जुलाई को मध्यम से भारी वर्षा की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 17.0 से 19.0 व 15.0 से 17.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 5.0-8.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 28 जुलाई से 3 अगस्त के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक तथा अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं। चेतावनीः आगामी 25 से 27 जुलाई को, कुछ स्थानों (लगभग 25 से 50 प्रतिशत) पर भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ ही कहीं-कही (लगभग 25 प्रतिशत) पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.1-0.45 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से नैनीताल जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है। किसान भाई समय पर मौसम पूर्वानुमान और जिलेवार कृषि मैसम परामर्श सलाह तथा आकाशीय बिजली गिरने की जानकारी प्राप्त करने हेतु अपने स्मार्टफोन में गूगल प्ले स्टोर से मेघदूत व दामिनी मोबाईल एप निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।

लघु संदेश सलाहकार:

23 व 24 जुलाई को कहीं-कहीं हल्की वर्षा तथा 25 से 27 जुलाई को मध्यम से भारी वर्षा की सम्भावना है। मौसम

पूर्वानुमान को देखते हुए किसान भाई खेतों में सिंचाई व रसायनो का प्रयोग अभी न करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	पिछले माह बोई गई जेठी धान की फसल में निराई-गुड़ाई कर खरपतवार निकाल लें। वर्षा के पश्चात् अथवा मिट्टी में उपयुक्त नमी होने पर चेतकी/जेठी धान में 1.25 किग्रा यूरिया प्रति नाली की दर से टॉप ड्रेसिंग करें।
सोयाबीन	मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए, मध्यम और कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बोयी गई फसल में विरलीकरण करें एवं निराई और गुड़ाई कर खरपतवार निकाल लें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आलू	कीट/ रोग प्रभावित आलू को भंडारण नहीं करना चाहिए। आलू को भंडारण करने से पहले मैलाथियान 10 मिली प्रति लीटर पानी की दर से भंडार गृह मे छिड़काव कर कीटाणुरहित करें।
बैंगन	खेत में बारिश का पानी जमा न होने दें।
टमाटर	मौसम को ध्यान में रखते हुए किसानों को सलाह दी जाती है कि टमाटर की फसलों में बारिश का पानी जमा न होने दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
बकरा	यदि पशुओं को अभी तक एफएमडी, गलाघोंटू बीमारी, लंगडा बुखार, एंटरोटॉक्सिमिया, आफरा आदि, के टीके नहीं लगे है तो इस समय अवश्य लगवा लें।। वयस्क भेड़ और बकरी को आफरा के खिलाफ टीका लगाया जाना चाहिए|
भेंस	सिंचित चारे के खेतों में पशुओं को चरने न दें, क्योंकि लंबी गर्मी के बाद, मानसून की शुरुआत के कारण चारे में अचानक वृद्धि होने से उसमें जहरीले साइनाइड की उपस्थिति होती है। यह विशेष रूप से ज्वार की फसल में होता है। इसलिए इन चारे वाली फसलों को समय से पहले काटा नहीं जाना चाहिए या जानवरों को नहीं खिलाना चाहिए।